सत्यमेव जयते

UPPSC

Uttar Pradesh Public Service Commission

# Download UPPSC/UPPCS Mains 2019 Optional Exam Question Paper

**"Law (Paper 2)"**

**"Held on 26-09-2020"**

Downloaded from: http://studymarathon.com/

# GLPC – 16/19-Paper-II

## विधि (प्रश्न–पत्र – II)

## LAW (Paper – II)

निर्धारित समय : तीन घंटे] [अधिकतम अंक : 200

Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 200

**विशेष अनुदेश :** (i) **दो** खण्डों में कुल **आठ** प्रश्न दिये गये हैं जो **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

(ii) **प्रत्येक** खण्ड से कम से कम **दो** प्रश्नों का चयन करते हुए, कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(iii) **प्रत्येक** प्रश्न के अंत में निर्धारित अंक अंकित हैं।

(iv) **सभी** प्रश्नों के अंक **समान** हैं।

**Specific Instructions :** (i) There are total **eight** questions in **two** Sections, printed both in **Hindi** and **English**.

(ii) Answer **five** questions, selecting atleast **two** questions from **each** Section.

(iii) Marks are given against **each** of the question.

(iv) **All** questions carry **equal** marks.

### खण्ड – अ / SECTION – A

1. (a) अपराध कारित करने में कौन से विभिन्न चरण सम्मिलित होते हैं ? आप उनमें परस्पर प्रभेद कैसे करेंगे ?

‘ख’ डूब रहा है और बेहोश है । ‘क’ उसके जीवन की रक्षा के लिए उसको पानी के बाहर एक कांटे द्वारा खींचता है जिसके परिणामस्वरूप उसको क्षति पहुंचती है । ‘क’ के आपराधिक दायित्व की विवेचना कीजिए । 15

What are the different stages involved in the commission of a crime ? How would you distinguish between them inter se ?

‘B’ is drowning and is insensible. ‘A’ in order to save his life, pulls him out of the water with a hook, which injures him. Discuss the criminal liability of ‘A’.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

(b) कब शरीर के निजी रक्षा का अधिकार मृत्यु का कारण बनता है ? व्याख्या कीजिए ।
'य' की नाक खींचने का प्रयत्न 'क' करता है । 'य' निजी प्रतिरक्षा के अधिकार के प्रयोग में ऐसा करने से रोकने के लिए 'क' को पकड़ लेता है । परिणाम स्वरूप 'क' को अचानक और तीव्र आक्रोश आ जाता है और वह 'य' का वध कर देता है । 'क' ने कौन सा, यदि कोई, अपराध किया है ? **15**

When the right of private defence of body extends to causing death ? Explain.
'A' attempts to pull 'Z's nose. 'Z' in exercise of the right of private defence, lays hold of 'A' to prevent him from doing so. 'A' is moved to sudden and violent passion in consequence and kills 'Z'. What offence, if any, 'A' has committed ?

(c) दण्डनीय मानववध तथा हत्या में अन्तर स्पष्ट कीजिए । **10**
Distinguish between culpable homicide and murder.

(a) दुष्प्रेरक कौन होता है ? एक दुष्प्रेरक किए गए अपराध या न किए गए अपराध के लिए कब उत्तरदायी होता है ? व्याख्या कीजिए ।
'क', एक स्त्री, एक डॉक्टर 'ख' से विष माँगती है जिससे वह अपने दामाद को विष दे सके जिसे 'ख' इंकार कर देता है । 'क' और 'ख' द्वारा कौन सा, अपराध, यदि कोई, किया गया है ? **15**

Who is an abettor ? When does an abettor become liable for the offence committed or even not committed ? Explain.
'A', a lady, asked a doctor 'B' to supply poison for the purpose of poisoning her son-in-law which 'B' refused. What offence, if any, has been committed by 'A' and 'B' ?

(b) 'विधिपूर्ण संरक्षकता से व्यपहरण' की परिभाषा दीजिए एवं सुसंगत वादों की सहायता से इसके आवश्यक तत्वों की विवेचना कीजिए ।
'क' अपनी पत्नी को पीटता है । वह बेहोश हो जाती है । उसे मरा समझकर अपने विरुद्ध हत्या के मुकदमें से बचने के लिए 'क' उसे रस्सी से घर की बीम में लटका देता है । चिकित्सीय रिपोर्ट से प्रकट होता है कि उसकी मृत्यु लटकाने से हुई है । 'क' के आपराधिक दायित्व का निर्धारण कीजिए और सुसंगत वाद का संदर्भ दीजिए । **15**

Define 'Kidnapping from lawful guardianship' and discuss its essential elements with the help of relevant case laws.
'A' beats his wife. She becomes unconscious. Believing her to be dead and to save himself from being prosecuted for murder, 'A' hangs her in a beam of the house with rope. Medical report discloses that she died due to hanging. Determine the criminal liability of 'A' and refer relevant case laws.

Downloaded from: http://studymarathon.com/

(c) निम्नलिखित में अन्तर स्पष्ट कीजिए : 10

(i) सदोष अवरोध एवं सदोष परिरोध

(ii) आपराधिक दुर्विनियोग एवं आपराधिक न्यास भंग ।

Distinguish between the following :

(i) Wrongful restraint and wrongful confinement

(ii) Criminal misappropriation and Criminal Breach of Trust.

(a) मानहानि की परिभाषा दीजिए तथा इसके अपवादों की व्याख्या कीजिए ।

'क', 'य' को घोर उपहति करने के भय में डालकर बेईमानी से 'य' को उत्प्रेरित करता है कि वह एक कोरे कागज पर हस्ताक्षर कर दे और उसे 'क' को परिदत्त कर दे । 'य' उस कागज पर हस्ताक्षर करके उसे 'क' को परिदत्त कर देता है । 'क' ने कौन सा अपराध किया है ? कारण सहित उत्तर दीजिए । 15

Define 'Defamation' and explain its exceptions.

'A' by putting 'Z' in fear of grievous hurt, dishonestly induces 'Z' to sign a blank paper and deliver it to 'A'. 'Z' signs and delivers the paper to 'A'. What offence 'A' has committed ? Answer with reasons.

(b) लूट के आवश्यक तत्व क्या हैं ? इसे कब डकैती कहा जाता है ? यदि उपर्युक्त अपराध करते हुए अपराधी किसी की मृत्यु कारित कर देता है तो उसे किस अपराध का दोषी माना जाएगा ?

'क' के पास 'य' द्वारा 'ख' पर लिखा हुआ 10,000 रुपये का एक प्रत्ययपत्र है । 'ख' से कपट करने के लिए 'क' 10,000 रुपये में एक शून्य बढ़ा देता है और उस राशि को 1,00,000 इस आशय से बना देता है कि 'ख' यह विश्वास कर ले कि 'य' ने वह पत्र ऐसा ही लिखा था । 'क' ने कौन सा अपराध किया है ? 15

What are the essential elements of robbery ? When does it amount to dacoity ? What offence is committed when the offender while committing the above offence causes the death of any person ?

'A' has a letter of credit upon 'B' for rupees 10,000 written by 'Z'. 'A' in order to defraud 'B', adds a cipher to the rupees 10,000 and makes the sum rupees 1,00,000 intending that it may be believed by 'B' that 'Z' so wrote the letter. What offence 'A' has committed ?



Downloaded from: http://studymarathon.com/

(c) 'साइबर आतंकवाद' क्या है ? सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अन्तर्गत साइबर आतंकवाद का एक अपराध के रूप में वर्णन कीजिए। **10**

What is 'Cyber terrorism'? Discuss cyber terrorism as an offence under the Information Technology Act, 2000.

4. (a) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार की पर्यावरण के संरक्षण और सुधार के लिए उपाय करने की शक्तियों का वर्णन कीजिए। **15**

Discuss the powers of the Central Government to take measures to protect and improve environment under the Environment (Protection) Act, 1986.

(b) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत लोक प्राधिकारी कौन है ? सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत लोक प्राधिकारियों की बाध्यताओं की विवेचना कीजिए। **15**

Who is Public Authority under the Right to Information Act, 2005 ? Discuss the obligations of public authorities under the Right to Information Act, 2005.

(c) (i) 'क' अपनी कार, जिसके अन्दर कुत्ता है, को सड़क के किनारे खड़ा कर बंद कर दिया। कुत्ता कार के भीतर कूदने लगा परिणामस्वरूप खिड़की का एक शीशा टूट गया। शीशे का एक किरच टूटकर एक राहगीर 'ख' की आँख में उस समय लग गया जब वह कार के समीप से गुजर रहा था। क्या 'ख' क्षतिपूर्ति के लिए 'क' पर वाद ला सकता है ? निर्णीत कीजिए। **5**

'A' parked his car by the side of a road with his dog inside and locked the car. The dog jumped about and smashed a glass of the window. A splinter of the glass hit the eye of a passer-by 'B' while he was walking past the car. Can 'B' sue 'A' for damages ? Decide.

(ii) 'क' ने अपने पिता की मृत्यु के पश्चात् 'ख' से विवाह करने का वचन दिया। अभी उसके पिता जीवित ही थे कि 'क' ने 'ख' को सूचित कर दिया कि वह पिता की मृत्यु के पश्चात् विवाह नहीं करेगा। 'ख' तत्क्षण ही 'क' के पिता की मृत्यु होने से पूर्व संविदा भंग का वाद लाती है। निर्णीत कीजिए। **5**

'A' promised to marry 'B' on the death of his father. The father still living, 'A' informed 'B' his intention of not fulfilling his promise on his father's death. 'B' without waiting for the father's death at once brings an action for the breach of contract. Decide.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

## खण्ड – ब/SECTION – B

5. (a) (i) खतरे का ज्ञान अनिवार्यत: स्वीकृति नहीं होती है । सूत्र 'स्वेच्छया उठाई गई क्षति' है न कि 'खतरे के ज्ञान से उठाई गई क्षति'। निर्णीत वादों की सहायता से व्याख्या कीजिए । **10**

Knowledge of risk does not necessarily imply assent. The maxim is "volenti non fit injuria" it is not "scienti non fit injuria". Explain with the help of decided cases.

(ii) 'क', प्रतिवादी, ने अपनी सेविका 'ख', जो तेरह वर्षीया एक बालिका थी, को अपने पास रखने के लिए एक बंदूक दी । बालिका ने खेल-खेल में उस बंदूक को 'ग', जो नौ वर्ष का एक बालक था, पर लक्ष्यांकित किया और उसका घोड़ा दबा दिया । बंदूक से गोली दग गई और 'ग' गंभीर रूप से घायल हो गया । कारण सहित 'क' के दायित्व का निर्धारण कीजिए । **5**

'A', the defendant, caused his servant 'B', a girl of thirteen years, to be put in possession of a gun. 'B' in a play pointed the gun at 'C', a boy of nine years, and pulled the trigger. The gun went off causing serious injuries to 'C'. Determine the liability of 'A' with reasons.

(b) 'उपताप' की परिभाषा दीजिए और इसके आवश्यक तत्वों का वर्णन कीजिए ।

'क' की दुकान से तीन किलोग्राम सोना चुरा लिया गया । पुलिस द्वारा 'ख' से सोने की पूरी मात्रा बरामद कर ली गई । जिसपर भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 379 के अन्तर्गत चोरी के अपराध का अभियोग चलाया गया । अभियोजन के विनिश्चय के लंबित रहते सोने को पुलिस मालखाने में जमा करा दिया गया जहाँ से उसे मालखाने के प्रभारी अधिकारी की उपेक्षा के कारण किसी ने चुरा लिया । राज्य के दायित्व का विनिश्चय कीजिए । **15**

Define 'Nuisance' and discuss its essential elements.

Three kilogram gold was stolen from the shop of 'A'. The whole quantity of gold was recovered by the police from 'B' who was prosecuted for the offence of theft under Section 379 of the Indian Penal Code, 1860. Pending decision of the prosecution the gold was deposited in the police Malkhana from where the same was again stolen by some one due to the negligence of the officer, in-charge of the Malkhana. Decide the liability of the State.

(c) 'दुष्कृति' की परिभाषा दीजिए । दुष्कृति एवं संविदा-भंग में अन्तर बताइए । **10**

Define 'Tort'. Distinguish between tort and breach of contract.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

(a) "कोई भी संविदा किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा प्रवर्तित नहीं करायी जा सकती जो उसमें पक्षकार नहीं है, चाहे वह संविदा उसके भले के लिए की गई हो ।" उपर्युक्त सिद्धान्त की सुसंगत वादों की सहायता से विवेचना कीजिए । इस नियम के अपवादों, यदि कोई हों, की व्याख्या कीजिए ।

'क' की पत्नी उसकी क्रूरता के कारण उसे छोड़कर चली गई । 'क' ने पत्नी के पिता को वचन दिया कि अब वह अपनी पत्नी को सम्मान के साथ रखेगा और यदि ऐसा करने में असफल रहा तो उसे मासिक खर्च देगा और उसके लिए मकान का प्रबंध करेगा । इसके बाद भी 'क' ने पत्नी पर क्रूरता की और उसे घर से निकाल दिया । पत्नी उसके पिता को 'क' द्वारा दिए गए वचन को प्रवर्तित कराने के लिए वाद लाती है । निर्णीत कीजिए । **15**

"A contract cannot be enforced by a person who is not a party to it even though it is made for his benefit." Discuss the above principle with the help of relevant case-laws. Explain exceptions, if any, to this rule.

'A's wife left him because of his cruelty. A then executed an agreement with her father, promising to treat her properly, and if he failed to do so, to pay her monthly maintenance and to provide her dwelling. Subsequently, she was again ill-treated by A and also driven out. The wife brings an action to enforce the promise made by A to her father. Decide.

(b) (i) 'पंद्यम करार' क्या है ? इसके आवश्यक तत्वों की विवेचना कीजिए । क्या एक पंद्यम करार का पालन न्यायालय द्वारा कराया जा सकता है ? व्याख्या कीजिए । **10**

What is 'wagering agreement'? Discuss its essentials. Can a wagering agreement be enforced in a court of law ? Explain.

(ii) वादी तथा प्रतिवादी प्रयागराज के एक ही मोहल्ले में एक दूसरे के मुकाबले में दुकाने चलाते थे । प्रतिवादी ने वादी से करार किया कि वह उसे कुछ रुपये देगा यदि वह दुकान को हटाकर किसी अन्य स्थान पर ले जाए । वादी ने दुकान हटा ली परन्तु प्रतिवादी ने पैसा देने से इंकार कर दिया । वादी पैसे के लिए वाद लाया । निर्णीत कीजिए । **5**

The plaintiff and the defendant were rival shopkeepers in a locality at Prayagraj. The defendant agreed to pay a sum of money to the plaintiff if he would close his business in that locality. The plaintiff accordingly did so but the defendant refused to pay money. The plaintiff sued him for money. Decide.

(c) हैडले बनाम बैक्सेनडेल के वाद में प्रतिपादित नियम की आलोचनात्मक विवेचना कीजिए । **10**

Critically discuss the rule laid down in the case of Hadley v. Baxendale.

Downloaded from: http://studymarathon.com/

7. (a) 'विक्रय की संविदा' की परिभाषा दीजिए । विक्रय की संविदा के आवश्यक तत्वों की विवेचना कीजिए ।

'क' ने 'ख' को चीना बादाम के 700 बोरों के एक पार्सल को बेचने की संविदा की जो कि एक गोदाम में रखे हुए थे । संविदा की तिथि पर चीना बादाम के मात्र 591 बोरे थे, बाकी 109 बोरे संविदा की तिथि से पूर्व चोरी हो गए थे जिसके बारे में 'क' को जानकारी नहीं थी । 'क' ने 591 बोरे 'ख' को भेजे लेकिन 'ख' ने लेने से इंकार कर दिया । 'क' 591 बोरे की कीमत प्राप्त करने के लिए वाद लाया । कारण सहित निर्णीत कीजिए । **15**

Define 'Contract of Sale'. Discuss essential elements of contract of sale.

'A' contracted to sell to 'B' a parcel of 700 bags of groundnuts lying at a warehouse. At the date of contract there were only 591 bags of groundnuts the remaining 109 bags were stolen before the date of the contract without the knowledge of 'A'. 'A' sent 591 bags to 'B' but 'B' refused to accept. 'A' brought an action for the price of 591 bags. Decide with reasons.

(b) 'क्रेता सावधान' के सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए तथा इसके अपवादों की विवेचना कीजिए ।

'क' ने 'ख' को एक कटाई मशीन बेचने का करार किया जिसे 'ख' ने कभी नहीं देखा था और जिसके बारे में 'क' द्वारा बताया गया था कि यह पिछले वर्ष नयी थी और केवल 50 या 60 एकड़ खेती काटने के लिए उपयोग हुई थी । कटाई मशीन प्राप्त करने के बाद 'ख' ने पाया कि मशीन वास्तव में बहुत पुरानी थी और उसे 'क' को वापस कर दिया । 'क' मशीन की कीमत प्राप्त करने के लिए 'ख' के विरुद्ध वाद लाया । क्या 'ख' कीमत का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी है ? **15**

Explain the doctrine of 'Caveat Emptor' and discuss its exceptions.

'A' agrees to sell to 'B' a reaping machine which 'B' had never seen and which is represented by 'A' to have been new the previous year and used to cut 50 or 60 acres of crop. After delivery 'B' found that the machine was, in fact, a very old machine and returned it to 'A'. 'B' was sued by 'A' for the price of the machine. Is 'B' liable to pay the price ?

(c) अवक्रय की परिभाषा दीजिए । अवक्रय करारों की अन्तर्वस्तु की विवेचना कीजिए । **10**

Define 'Hire-purchase'. Discuss the contents of hire-purchase agreements.



Downloaded from: http://studymarathon.com/

8. (a) (i) भागीदारी की परिभाषा दीजिए तथा भागीदारी के आवश्यक तत्वों की विवेचना कीजिए। 10

Define Partnership and discuss its essentials.

(ii) परिनिर्धारित क्षतिपूर्ति एवं शास्ति में अन्तर कीजिए। 5

Distinguish between damages and penalty.

(b) किसी फर्म के कारोबार के प्रबन्ध और संचालन में भागीदारों के क्या अधिकार हैं ? क्या किसी भागीदार को भागीदारी व्यवसाय के अलावा किसी अन्य व्यवसाय को करने से रोका जा सकता है, जब कि वह एक भागीदार है ? विवेचना कीजिए और सुसंगत प्रावधानों का संदर्भ दीजिए। 15

What are the rights of a partner in the management and conduct of the business of a firm ? Can a partner be restrained from carrying on any business other than that of the partnership while he is a partner ? Discuss and refer relevant provisions.

(c) परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के अन्तर्गत 'पृष्ठांकन' क्या है ? पृष्ठांकन के विभिन्न प्रकारों की विवेचना कीजिए। 10

What is 'Endorsement' under the Negotiable Instruments Act, 1881 ? Discuss various kinds of endorsement.

Downloaded from: http://studymarathon.com/